# हेराफेरी कर परिजनों को दिलाया मुआवजा

## पटवारी का कारनामा : जनसुनवाई में फोरलेन मामले में एक दर्जन किसानों की शिकायत

नवभारत न्यूज

**बड़ामलहरा, 21 अगस्त. प्रस्तावित फोर लेन में अधीग्रहीत की गई जमीन का पटवारी ने मुआवजे में भेदभाव किया है. यह आरोप किसानों ने जनसुनवाई में लगाया है.**

किसानों का कहना है कि पटवारी ने किसानों की भूमि का औने-पौने दामों में मुआवजा निर्धारित किया है. किसानों के वर्ष 2016-17 के डायवर्सन मान्य नहीं किए. वहीं वर्ष 2021 में प्रस्तावित फोर लेन दोनों ओर जमीनों के क्रय-विक्रय, निर्माण, रजिस्ट्री, नामांतरण पर शासन द्वारा जारी रोक के बाबजूद पिछले 9 वर्षों से बड़ामलहरा गृह तहसील में पदस्थ पटवारी होशियार ने न सिर्फ अपनी मां के नाम कृषि भूमि खरीद कर उक्त भूमि पर रोक के बाबजूद निर्माण कार्य करा डाला और उसका व्यावसायिक डायवर्सन भी करके 36 लाख का मुआवजा भी ले लिया. वहीं किसान अपना मुआवजा बढ़वाने अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं.

गत दिवस इस मामले में जनसुनवाई में कलेक्टर पार्थ जैसवाल को पटवारी के कारनामे की एक दर्जन से अधिक किसानों ने सबूतों के साथ शिकायतें की हैं. मजेदार बात तो यह है कि इस अवैध निर्माण को हटाने साल भर पहले जारी किए गए नोटिस अब तक तामील नहीं हो पाए हैं. उल्टे इस अवैध निर्माण का भारी भरकम मुआवजा भी एनएचआई एवं राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से दिया जा रहा है.

**क्या है मामला** : बड़ामलहरा गृह तहसील में पदस्थ पटवारी होशियार सिंह द्वारा बमनी तिराहे पर जमीन खरीदकर निर्माण कार्य करवाया. यह मामला उजागर भी हुआ था, लेकिन उसे भरपूर दबाने की कोशिश की गई. नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था. जिसमें अवैध निर्माण होना पाया गया. जिसकी सूचना उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दी. कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने होशियार सिंह एवं अन्य 4 अवैध निर्माण करने वालों को 3 दिवस में अवैध निर्माण हटाने के नोटिस जारी किए थे. लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. उल्टे इस अवैध निर्माण का मुआवजा देना ऊपर से नीचे तक फैले भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है. अपनी गृह तहसील में बड़ामलहरा पदस्थ विवादित पटवारी होशियार सिंह भी इस मामले में पीछे नहीं रहा उसने भी अपनी माता सोना देवी के नाम आदिवासी की जमीन खरीदकर सारे नियमों को दरकिनार करते भारी भरकम मुआवजा पाने हुए ढाबा का निर्माण करा लिया. पटवारी ने विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 064702211275654 खसरा नंबर 1/1 शा.नं. 2,14/1 शा.न.15 कुल किता 03 रकबा 0.846 हैक्टेयर की रजिस्ट्री इमरत सौर पिता प्रभु सौर से 17 मई 2024 को करा ली. उल्लेखनीय यह है कि नेशनल हाईवे 86 पर प्रस्तावित फोर लेन के नोटिफिकेशन के बाद सभी इस हाईवे से लगी भूमि के क्रय विक्रय एवं निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई थी. जिसके चलते आम लोगों ने कोई निर्माण कार्य नहीं किए. लेकिन कानून का पालन करवाने वाले कानून को तोड़ने में पीछे नहीं रहे. उन्होंने ही सबसे ज्यादा जमीन इस हाईवे पर खरीदी और निर्माण कार्य किया. जो जांच का विषय है.

# किराएदार ने की मकान मालकिन की हत्या

▶ विश्वनाथ कॉलोनी में लोहे के बके से किया हमला, आरोपी फरार, पुलिस ने की घेराबंदी



नवभारत रिपोर्टर

**छतरपुर, 21 अगस्त. नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वनाथ कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई. यहां रहने वाली शर्मन पटेल पति स्व सुरेश पाठक (मकान मालकिन) की हत्या उनके ही किराएदार महेश राय ने कर दी. घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की बताई जा रही है.**

पुलिस के अनुसार आरोपी महेश राय ने किसी विवाद के चलते लोहे के बके से हमला कर महिला को मौत के घाट उतार दिया. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है. आरोपी किराएदार की तलाश की जा रही है.

सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत एक महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई है. आरोपी की पहचान हो चुकी है जल्द से जल्द उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है. हत्या की खबर से इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## एक नजर में



### कॉलेज के छात्रों का सड़क पर लेटकर प्रदर्शन

**छतरपुर, 21 अगस्त.** नगर में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के बाहर गुरुवार दोपहर 12:30 बजे छात्रों ने बीएससी परीक्षा परिणाम को लेकर सड़क पर लेटकर जोरदार प्रदर्शन किया. छात्रों का आरोप है कि उनकी कॉपियों की जांच सही तरीके से नहीं की गई है, जिसके चलते कई विद्यार्थियों के परिणाम प्रभावित हुए हैं. आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि कॉपियों का पुनः निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाए ताकि सभी को न्याय मिल सके.

### जिला जेल में आकाशीय बिजली गिरने से कैदी घायल






**छतरपुर, 21 अगस्त.** छतरपुर जिले में बीती रात हुई तेज बारिश के बीच जिला जेल में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक कैदी घायल हो गया. घायल युवक की पहचान 20 वर्षीय मुकीम के रूप में हुई है. घटना के तुरंत बाद उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई कैदी बारिश देखने के लिए खिड़की के पास खड़े थे. तभी अचानक आसमान से बिजली गिरी और उसकी चपेट में कुछ कैदी आ गए. डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि घायल कैदी के शरीर पर जलने या गहरी चोट के निशान नहीं हैं और उसकी हालत स्थिर है. इधर, जिले में बारिश का सिलसिला जारी है. बीते 24 घंटों में छतरपुर शहर में 1.90 इंच, बिजावर में 0.98 इंच, नौगांव में 0.97 इंच और बक्सवाहा में 1.02 इंच वर्षा दर्ज की गई. राजनगर, गौरिहार और बड़ामलहरा में हल्की बूंदाबांदी हुई, जबकि लवकुशनगर में बारिश नहीं हुई. जिले में अब तक कुल 43.30 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से अधिक है.

### नालियों में नहीं हो रहा दवा का छिड़काव, मच्छरों बढ़े

**हरपालपुर, 21 अगस्त.** नगर में बेतहाशा बढ़ती मच्छरों की संख्या को देखते हुए आने वाले त्यौंहार गणेश चतुर्थी और नवरात्रि पर्व नगरपरिषद से नगर में नालियों को ढकने दोनों समय झाडू लगाये जाने नालियों में फिनायल व फागिंग मशीन का प्रयोग कर सकारात्मक पहल कर मच्छरों से निजात दिलाए जाने की मांग की है कि खुले गड्ढों और नालियों में पनप एडीज डेंगू मच्छरों के पनपते लार्वा के काटने से डेंगू व अन्य अनेक प्रकार की होने वाली संक्रामक बीमारियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका परिषद अधिकारी से आमजन को राहत पहुंचाने हेतु नालियों में फागिंग मशीन व दवाओं का छिड़काब कराए जाने की मांग की है।

### कार्यशाला में सीखेंगे मिट्टी की प्रतिमा बनाना

**सीहोर 21 अगस्त.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला दो दिन के लिए चाणक्यपुरी स्थित मिनी शिर्डी धाम में आयोजित होगी. इसमें प्रतिभागी अपने हाथों से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाकर घर भी ले जा सकेंगे. गोविंद नेत्रालय एवं ब्लू बर्ड स्कूल के सौजन्य से मिनी शिर्डी धाम चाणक्यपुरी पर 25 एवं 26 अगस्त शाम 6 बजे से पूर्णतः निःशुल्क दो दिवसीय इको फ्रेंडली गणेश बनाना सिखाया जाएगा. आयोजन का यह ग्यारवां साल है. समिति का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना और कला से जोड़ना है. कार्यशाला में मिट्टी भी संस्था द्वारा निःशुल्क दी जाएगी.

# छतरपुर में नगर-ग्राम रक्षा समितियों की बैठकें



▶ लोग स्वेच्छा से बने सदस्य

**छतरपुर, 21 अगस्त. पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी में नगर एवं ग्राम रक्षा समितियों की बैठकें हुईं.**

इन बैठकों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और स्वेच्छा से समिति की सदस्यता ली. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समिति के सदस्य शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर रोक लगाने और किसी भी आपत्तिजनक घटना की तुरंत सूचना पुलिस को देंगे. उन्हें बाढ़, आंधी-तूफान और बिजली गिरने जैसी आपदाओं से बचाव की जानकारी भी दी गई. समिति सदस्यों को अपराध रोकथाम, गश्त, यातायात व्यवस्था, चुनाव और त्योहारों में सहयोग जैसे कामों की जिम्मेदारी समझाई गई. उन्हें संदिग्ध लोगों और गतिविधियों की पहचान कर पुलिस को बताने के लिए भी प्रेरित किया गया. प्रशिक्षण के बाद सदस्यों को यूनिफॉर्म, पहचान पत्र और जरूरी सामग्री दी गई.

पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखें और पुलिस का सहयोग करें, ताकि त्योहार शांति से मनाए जा सकें.

# छतरपुर विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन



**छतरपुर, 21 अगस्त. महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, अमिधारा ट्रस्ट (गुजरात) व प्राणनाथ ग्लोबल कॉन्शियसनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महामति प्राणनाथ के आदर्शों के पुनर्जीवन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ 21 अगस्त को हुआ.**

यह आयोजन विश्वविद्यालय के जे.सी. बोस हॉल में किया जा रहा है. सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महामति प्राणनाथ की शाश्वत शिक्षाओं को आज के समाज और शैक्षणिक जगत में नई दिशा प्रदान करना है. कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने किया. आयोजन में अमिधारा ट्रस्ट से मनुभाई पटेल, अशोक पटेल, महेशभाई पटेल और नरेंद्रभाई पटेल उपस्थित रहे. इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. मुक्ता मिश्रा तथा संयोजक डॉ. जे.पी. शाक्य ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला.

दो दिवसीय इस सम्मेलन में आध्यात्मिकता, करुणामय नेतृत्व, सांस्कृतिक संवाद और पीढ़ियों के बीच पुल बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ. सम्मेलन का उद्देश्य हर व्यक्ति को उसकी दिव्य क्षमता की ओर मार्गदर्शन करना और प्राणनाथ जी की शिक्षाओं के माध्यम से आंतरिक आनंद को जगाना है.

# सांप के काटने से 4 साल के बच्चे की मौत

▶ खेत पर खेल रहा था बच्चा सांप के बिल में डाला था हाथ

**छतरपुर, 21 अगस्त. जिले के सटई थाना क्षेत्र के ग्राम छापर में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया. गांव के जितेंद्र राजपूत का चार वर्षीय पुत्र आदित्य राजपूत खेत पर खेलते समय सांप के बिल के पास पहुंच गया.**

खेल-खेल में उसने बिल में हाथ डाल दिया, तभी अचानक सांप ने उसे काट लिया. मासूम के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लेकर गए. अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने बच्चे की जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में गहरा शोक छा गया. मासूम का आज सुबह 11 बजे जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया. ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांपों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाए और अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं.

# भारतीय की पुण्य तिथि पर होगी काव्य संगोष्ठी

**सीहोर.** मूर्धन्य पत्रकार और साहित्य मनीषी स्व. अंबादत्त भारतीय की 12 वीं पुण्य तिथि 23 अगस्त को मनाई जाएगी. इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. अभा साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने बताया कि स्व. भारतीय को श्रद्धांजलि देने काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया है.

# रफ्तार का कहर, चीखते चिल्लाते वाहन

**हरपालपुर.** निजी वाहनों पर फ्लैक्स लाइट हूटर सायरन शीशे पर फिल्म लगे वाहन कोर्ट ने नियमों के प्रवाह न कर धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे हैं, उल्लेखनीय होगा दो पहिया चार पहिया व हैवी वाहनों में नियमों को दरकिनार कर गाना बजाते सायरन, शीशों पर चढ़ी काली फिल्म, सेंसर से निकलती पटाखे की आवाज और सोडियम फ्लैस लाइट पर सख्त कार्रवाई के निर्देश के बावजूद इसके खिलाफ न तो पुलिस और न ही परिवहन विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की, ऐसे में आदेश को न मानने वालें अपने आपको कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर विशेषाधिकार का दुरुपयोग करते हुए निजी वाहनों पर प्रतिबंधित उपकरण लगाता है तो सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए.

# प्लॉट आवंटन के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत

▶ जावर की पुनर्वास कालोनी में हो रहा था प्लाट आवंटन

▶ पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज



नवभारत न्यूज

**जावर 21 अगस्त.** जलाशय निर्माण के समय विस्थापित हुए परिवारों को पुर्नवास के लिए भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया के दौरान जिले के आष्टा क्षेत्र के ग्राम केशोपुर में दो पक्ष आपस में भिड गए. यहां लोगों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की. दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाना जावर में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने दोनों ही पक्षों के चार-चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. गौरतलब है कि जिले के आष्टा क्षेत्र के ग्राम केशोपुर में कन्याखेडी जलाशय निर्माण के दौरान कई ग्रामीणों की जमीनें डूब प्रभावित क्षेत्र में आ गईं. विस्थापित परिवारों को पुर्नवास के लिए राजस्व विभाग द्वारा प्लाट आवंटन की प्रक्रिया के लिए बुलाया गया था, लेकिन ग्रामीणों की आपस में सहमति नहीं बनी और ग्रामीण राजस्व अधिकारियों और पुलिस के सामने ही आपस में लड़ने लगे. देखते ही देखते झगड़ा और भी ज्यादा बढ़ गया, यहां पर लोग एक दूसरे पर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे. जिससे अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई. आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है. आगामी दिनों में लाटरी सिस्टम से प्लाट आवंटित किए जाएंगे.

# फोरलेन पर खड़े ट्रक से टकराई कार, दो की मौत और तीन घायल



**छतरपुर, 21 अगस्त.** छतरपुर तहसील क्षेत्र के नेशनल हाईवे-39 पर कैंडी गांव के पास गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरा गई. हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक परिवार नौगांव थाना क्षेत्र के चौबारा गांव से घूमने के लिए निकला था. मृतकों में आशीष सिंह राजावत और उनकी माता जी शामिल हैं. वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पहले जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया. यह हादसा ओरछा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ. घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय तक जाम की स्थिति बनी रही. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. गांव और परिजनों में इस दुर्घटना से शोक का माहौल है.

# दो नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद

**आष्टा 21 अगस्त.** स्थानीय पुलिस ने अपहरण के दो मामलों में दो नाबलिग बालिकाओं को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया. वहीं आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. गत 13 अगस्त को फरियादी पिता ने थाने में अपनी नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने मुखबिर सूचना पर नाबालिग को बाईपास चौपाटी से बरामद कर आरोपी रवि भिलाला पिता चंद्रप्रकाश भिलाला निवासी ग्राम मताना जिला शाजापुर को गिरफ्तार कर लिया.

**कार्रवाई** ▶ भाई का बचाने पहुंचे युवक पर किया था प्राणघातक हमला

# जानलेवा हमला करने का आरोपी धराया



नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 अगस्त.** रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को मंडी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मूड़लाकला निवासी फरियादी असलम खान पिता काले खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि में जब वह अपने भाई अफसर खान के साथ रोड़ से होता हुआ घर जा रहा था तभी नान्टी उर्फ शाहिद खान आया और मुझसे पैसे मांगने लगा. मैंने कहा कौन से पैसे तो उसने गाली-गलौच करनी शुरू कर दी. उसे गालियां देने से मना किया तो शाहिद उर्फ नान्टी ने चाकू से मुझ पर हमला कर दिया. जिससे मेरे खून निकल आया और धक्का देकर मुझे जमीन पर गिरा दिया. जब भाई अफसर खान मुझे बचाने लगा तो नान्टी उर्फ शाहिद खान ने जान से मारने की नियत से मेरे भाई अफसर खान के पेट में दो बार चाकू मारा. मौके से शाहिद उर्फ नान्टी खान भाग गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी सुनील मेहर व टीम ने आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है.

# फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल आज

**सीहोर.** शहर के चर्च मैदान पर प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. गुरुवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले सीहोर ने मंडला को एक तरफा मुकाबले में 2-0 से हराया और अपना स्थान प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया. इधर दूसरा सेमीफाइनल इंदौर-धार के मध्य खेला गया. जिसमें धार ने इंदौर को अतिरिक्त समय पेनल्टी किक के द्वारा 3-1 से विजय प्राप्त की. अंतिम समय तक दोनों ही टीम में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. फाइनल मैच 3 बजे से सीहोर व धार के मध्य खेला जाएगा.

# सूने मकान से लाखों के आभूषण और नगदी ले उड़े चोर

▶ गांधी चौक स्थित सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

▶ फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्कावड भी मौक पर पहुंचा



नवभारत ब्यूरो.

**भैरूंदा 21 अगस्त. पत्नि के मायके जाने के बाद जब पति अपने मकान में ताला लगाकर दूसरे मकान में माता-पिता के साथ रहने गया. तो सूने मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया और लाखों के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर गए.**

नगर के गांधी चौक स्थित छोटा बाजार क्षेत्र में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान पर धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर रफचक्कर हो गए. वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गोपेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं और वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ दूसरे मकान में रह रहे थे. इस दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोला. चोरों ने घर के कमरों का ताला तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया और करीब दो लाख रुपए की संपत्ति लेकर फरार हो गए. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना किया. इसके अलावा जिला मुख्यालय से आई फिंगरप्रिंट और डॉग स्क्वाड टीम की मदद से सुराग जुटाने की कोशिश की गई. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व जांच जारी है. गौरतलब है कि नगर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं. चोर सुने मकानों को निशाना बना चोरी की घटना का अंजाम देते हैं.